नियाजी बने पहाड़ उर्स कमेटी धौलपुर के सदर

धौलपुर। पहाड उर्स कमेटी धौलपुर का रॉयल ढाबा पर चुनाव संपन्न हुआ। जहां चुनाव कमेटी ने सदर के चुनाव के लिए प्रस्ताव मांगा। सदर के लिए तीन नामनिजामुद्दीन, बबलू, मोहम्मद इलियास नियाजी सामने आए। जिनमें कमेटी ने सर्वसम्मिति से निर्विरोध मौहम्मद इलियास नियाजी को सदर चुन लिया। इस मौके पर कमेटी के लियाकत अली, अलीमुद्दीन अंसारी, तंजीर अहमद, सादिक खान, इसरार खान, मोमिन खान, शराफत उर्फ बल्ले,सद्दाम खान उर्फ राजा, रईस कादरी, जाहिद कुरैशी, निजामुद्दीन पहलवान, मुजफ्फर अली आदि मौजूद रहे।

बैठक आज

करौली(नि.स.)। राज्य मंत्री गृह,गोपालन,पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम आज प्रात रविवार को 9:00 बजे जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे एवं एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करेंगे। इसके पश्चात जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में प्रात: 10:00 बजे करौली जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणा की त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की जाएंगी।

गंगापुर सिटी में वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

गंगापुर सिटी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में सोमवार को वर्ष की द्वितीय राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका सचिव सोना गोयल ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए तालुका गंगापुर सिटी में कुल ०2 बेंचों का गठन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रथम बेंच की अध्यक्षता अखिलेश कल्याण, अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संख्या 1, गंगापुरसिटी द्वारा की गई। एडीजे कल्याण ने बताया कि लोक अदालत विवादों को निपटाने का वैकल्पिक साधन है जहां विवादों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है। यह कम समय में विवादों को निपटाने के लिए आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया है। लोक अदालत के अवसर पर अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या संख्या 2 सुश्री नताशा चौधरी, उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी अनूप सिंह , पैनल अधिवक्ता मोहम्मद सैफ कलाम ने लोक अदालत में समझाइश कर प्रकरणों का निस्तारण किया। बेंच संख्या 1 के अध्यक्ष द्वारा न्यायालय अपर जिला एवम सेशन न्यायालय संख्या 1 के एक प्रकरण विक्रम सिंह बनाम बृजेश देवी में 2021 से अलग रह रहे पति पत्नी को लोक अदालत में समझाइश की गई तथा पति पत्नी ने भी एक दूसरे के साथ पुन: रहने का निणंय लिया, दोनो ने बेंच अधिकारीगण के समक्ष एक दूसरे को मालाए पहनाई, अधिकारीगण का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। लोक अदालत के दौरान बडी संख्या में पक्षकार, अधिवक्ता गण, बैंकों के अधिकारी गण व राजस्व न्यायालय के अधिकारी व कमेचारी मौजूद रहे। लोक अदालत में सभी बैंचो द्वारा कुल 2०0514 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमे 3 करोड 25 लाख रुपए से अधिक के अवार्ड पारित किए गए। पूरे दिन चली लोक अदालत के दौरान बेंच संख्या 1 के द्वारा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 के 48 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी बेंच के द्वारा अपर जिला में सेशन न्यायाधीश संख्या 2 के 62 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी के लंबित 157 प्रकरणों का निस्तारण किया गया और प्रिलिटिगेशन स्तर के मामलों में 165 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बेंच संख्या 2 के द्वारा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुरसिटी के 5० लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया इसके साथ ही अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायाधीश की संख्या 1, गंगापुरसिटी के 24 प्रकरणों तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 के 32 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्राम न्यायालय के 33 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा राजस्व के 19443 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा 5 करोड 87 लाख से अधिक राशि के अवार्ड पारित किए गए।

लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणो का निस्तारण करवाते प्रतिवादीगण एवं पति पत्नी

कैंसर जांच शिविर आज, निशुल्क की जायेगी जांच

गंगापुर सिटी । भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर एवं लायंस क्लब गंगापुर सिटी गरिमा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब गरिमा अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया14 जुलाई रविवार को सुबह 9 से 2 तक रविवार को ओसवाल मेडिकल स्टोर किरण पैलेस के सामने किया जा रहा है जिसमें कैंसर की निशुल्क जांच एवं जनता को जागरूक करने का कार्य किया जावेगा।

डॉक्टर के परामर्श अनुसार मैमोग्राफी (स्तन की जांच हेतु), टेप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच हेतु), सी ए 125 (ओवरी जांच हेतु) एवं आवश्यकता अनुसार अन्य रक्त परीक्षण भी किए जाएँगे। जिस व्यक्ति को निम्न प्रकार के लक्षण हो वह प्राथमिक जांच अवश्य करवाए। मुंह या गले मे नही भरने वाला छाला, कुछ निगलने मे दिक्कत या आवाज मे परिवर्तन, सरीर के किसी भी भाग में गांठ, स्तन में गांठ या आकृति में परिवर्तन, लंबे समय तक खांसी या कफ में खून आना, मलद्वार या मूत्र द्वार से खून आना, शरीर में अचानक वजन का कम होना

।कार्यक्रम संयोजक श्री पुरुषोत्तम गुप्ता माइक्रो वालो ने लोगो से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है । डा मुकेश बंसल ने बताया कि कैंसर एक एसी बीमारी है जिसका पता अगर समय पर ना लगे तो इलाज काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यह कैम्प लोगो के लिए बहुत लाभदायक होगा मेरी अपील है जिनको कोई भी लक्षण दिखे तो अपनी आवश्यक जाँच कराये।

गोवर्धन के लिए गंगापुर सिटी से सीधी बस सेवा शुरू

■ महिलाओं को 50 फीसदी की छूट मिलेगी। 10 बस स्टैंडों पर बस का ठहराव होगा।

गंगापुर सिटी । भगवान कृष्ण के तीर्थस्थल गोवर्धनजी जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर हैं। लोहागढ डिपो भरतपुर की ओर से गंगापुर से गोवर्धनजी के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा गंगापुर सिटी से वाया हिंडौन होते हुए गोवर्धनजी तक संचालित होगी। अब तक गोवर्धनजी के लिए रोडवेज की कोई सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं थी।

पहली बस सेवा गोवर्धनजी तक मिलने से गोवर्धन भक्तों को सहूलियत मिलेगी। बस की रवानगी से पहले लोहागढ आगर के मुख्य प्रबंधक सुधीर दीक्षित, ड्राइवर और कंडक्टर का गौड सनाढ्य फाउंडेशन के जिला गंगापुर सिटी के अध्यक्ष एवं सनाढ्य गौड ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष डॉक्टर मनोज शर्मा के नेतृत्व में शुभम लवानिया, कुमार संभव, महावीर सिंह, गोपाल रोडवेज, रवि गुप्ता, कालीचरण, महेश केमला आदि ने स्वागत किया। गंगापुर सिटी से गोवर्धनजी का किराया 175 रुपए निर्धारित किया है। महिलाओं को 50० फीसदी की छूट मिलेगी। 10० बस स्टैंडों पर बस का ठहराव होगा। लोहागढ डिपो के मुख्य प्रबंधक सुधीर दीक्षित ने बताया कि रोडवेज बस का संचालन होने से गोवर्धन ही नहीं गंगापुर सिटी, बयाना, भरतपुर के मध्य के प्रमुख शहरों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

गंगापुर से 2.30० और हिंडौन से शाम 4 बजे होगी रवाना

यह बस प्रतिदिन गंगापुर सिटी से दोपहर 2.30० बजे, हिंडौन से शाम 4 बजे रवाना होकर गोवर्धन रात 7.30० बजे पहुंचेगी। बयाना में 5ः15 बजे, भरतपुर में 6ः30० बजे और गोवर्धनजी पहुंचने का समय रात 7.30० बजे रहेगा। गोवर्धनजी से यह बस सुबह 5ः45 बजे रवाना होकर, भरतपुर 7 बजे, बयाना 8.30० बजे, हिंडौन 1० बजे, गंगापुर सुबह 11 बजे पहुंचेगी। वापसी में दूसरी बस गंगापुर सिटी से 12 बजे रवाना होकर हिंडौन दोपहर 1.15 बजे, बयाना 2.30० बजे व भरतपुर शाम 4 बजे पहुंचेगी।

हिडौन के रेलवे स्टेशन से गोवर्धनजी के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा भी नहीं है।

ट्रेन से लोगों को मथुरा जाना पडता है और मथुरा से बस व टैंपों के माध्यम से गोवर्धनजी पहुंचते हैं। वर्तमान में हिंडौन से मथुरा के लिए प्रतिदिन 9 ट्रेनों का संचालन होता है। इनमें मेवाड एक्सप्रेस, पश्चिम एक्सप्रेस, सवाईमाधोपुर मथुरा पैसेंजर, जनशताब्दी एक्सप्रेस, गोल्डन टैम्पेल मेल, इंटरसिटी एक्सप्रेस, देहरादून कोटा एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस ट्रेन, हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं

'हार जीत चुनाव का हिस्सा सामाजिक सौहार्द और भाईचारा कायम रहे'

गंगापुर सिटी । नव निर्वाचित सांसद हरीश चन्द्र मीणा ने विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी में धन्यवाद यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत मिर्जापुर में दलित समाज की जमीन विवाद एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने एवं बडी ऊदेई चौराहे के पास स्थित अंबेडकर भवन से बाबा साहब की प्रतिमा चोरी होने के प्रकरण समस्या के लिए जिला कलेक्टर से मुलाकात के बाद टोकसी, विनेगा, छान, जीवली, सेवा, श्यारौली, वजीरपुर, बडौली, बडौदा सहित दर्जनों गावों में जनसंपर्क कर आभार प्रकट किया। सभी गावों में जनसमूह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि हार जीत चुनाव का हिस्सा है हमें हमारा भाईचारा और सामाजिक सौहार्द कायम रखना है, बच्चों को अच्छी शिक्षा संस्कार देने पर जोर दिया। सांसद ने धन्यवाद यात्रा के दौरान किसी भी गांव में साफा बंधवाने की फिजूल खर्ची पर रोक लगाते हुए सिर्फ माला पहनकर और तोलिया ओढ कर स्वागत सत्कार स्वीकार किया जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना।इस दौरान प्रमुख रूप से सवाई माधोपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा, गंगापुर सिटी ट्रक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष मानसिंह मीणा, जिला महासचिव विनोद मुराडा, उमरी सरपंच शिवजी भोला,नरेन्द्र झार्रा, गोविन्द , जोन सिंह, सेवानिवृत आईएएस अधिकारी गुट्टी लाल मीणा सेवा पिंटू बडौली, राकेश छान, बिंजारी सरपंच दिनेश मीणा सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी साथ रहे।

आमजन को संबोधित करते सांसद हरीश मीना।

एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया पौधारोपण

गंगापुर सिटी । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समस्त 14० करोड देशवासियों से एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु सघन पौधारोपण कर उनकी पूर्ण देखभाल करने का आ ान किया गया है।

इससे प्रेरित होकर जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी पर अनेक सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय क्षेत्र में एक पेड मां के नाम अभियान से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा अपने गंगापुर सिटी जयपुर बाईपास स्थित निज निवास एवं बाईपास चौराहे पर अनेक छायादार वृक्ष लगाकर समस्त जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत अधिक संख्या में सार्वजनिक स्थलों एवं अपने घरों पर अनेक छायादार किस्म के पौधें लगाने का आग्रह किया गया है।

इस अवसर पर एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के मंडल संयोजक रामभरोसी जांगिड, रायसिंह, केदार गुर्जर, सुरेश कटारिया, सुरेंद्र मित्तल, नरेश दुबे, वेदप्रकाश शर्मा,गोपाल दीक्षित सहित अनेक ग्रामीण एवं शहरी भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नोटिस प्राप्ति के बाद वन माफियो के हौंसले बुलन्द

नदबई (निस)। क्षेत्रिय वन अधिकारी कार्यालय नदबई मुख्यालय हलैना के रेन्जर राहुल फौजदार के द्वारा कार्यालय क्षेत्र में संचालित अवैध आरा मशीन बन्द करने के नोटिस थमाए जाने के बाद आरा मशीन संचालकों को बुलाया और 15 जुलाई के बाद आरा मशीन नही चलाने के निर्देश देकर जितने पेड काटे, उससे दस गुना अधिक पेड लगाने को पाबन्द किया।

नोटिस एवं 15 जुलाई को आता देख वैर, भुसावर व नदबई उपखण्ड क्षेत्र के आरा मशीन मालिकों ने उसके बाद भी हरे पेडो की कटाई नही रोकी और ना ही आरा मशीन बन्द की। जिससे वन माफिया और अवैध आरा मशीन मालिको के हौंसले बुलन्द है। रेन्जर राहुल फौजदार ने बताया कि क्षेत्रिय वन अधिकारी कार्यालय नदबई मुख्यालय हलैना क्षेत्र में अवैध आरा मशीन बन्द तथा हरे पेडों की कटाई रोकथाम को अभियान जारी है।

अभियान के तहत 15 जुलाई तक आरा मशीन बन्द कर उखाडने के निर्देश देकर 45 आरा मशीन मालिकों को चिन्हित कर नोटिस थमाए जा चुके हैं नोटिस के साथ-साथ नोटिस प्राप्तकर्ता आरा मशीन मालिकों को कार्यालय बुलाया गया। जिन्हे 15 जुलाई तक आरा मशीन बन्द कर उसे उखाड देंगे को पाबन्द किया और उन्हे समझाया गया कि जितने पेड काटे है। उससे दस गुना अधिक पेड लगाओ और ग्रामीणों से लगवाओ।

बिंदीलाल मीना ने जिला कलेक्टर को तीन लाख 11 हजार का सौंपा चैक

भामाशाह बिंदीलाल मीना जिला कलेक्टर को चैक सौपते हुए।

■ बिंदीलाल मीना ने गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में क्लास रूम निर्माण के लिए 3 लाख 11 हजार 121 रुपए दिए

गंगापुर सिटी । भामाशाह रिटायर्ड अधिशासी अभियंता बिंदीलाल मीणा ने गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में क्लास रूम निर्माण के लिए 3 लाख 11 हजार 121 रुपए दिए हैं। उन्होंने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को इस राशि का चेक सौंपा। भामाशाह और सिंचाई विभाग से रिटायर्ड अधिशासी अभियंता बिंदीलाल मीणा शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में क्लास रूम निर्माण के लिए 3 लाख 11 हजार 121 रुपए का दान देने की घोषणा की। साथ ही चेक कलेक्टर डॉ. सैनी को सौंपा। भामाशाह रिटायर्ड अधिशासी अभियंता मीणा इसी स्कूल से पढकर अधिशासी अभियंता के उच्च पद तक पहुंचे और इसके बाद रिटायर्ड हो गए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीणा, प्रिंसिपल मुकेश कुमार मीणा, फिजिक्स लेक्चरर हरिमन मीणा आदि मौजूद थे। रिटायर्ड अधिशासी अभियंता मीणा को स्कूल में क्लास रूम निर्माण के लिए प्रिंसिपल मुकेश मीणा और लेक्चरर हरिमन और स्टाफ सदस्यों ने प्रेरित किया। इससे पहले भी रिटायर्ड भामाशाह बिंदीलाल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल परीता को भी 2 लाख 21 इजार रुपए स्कूल विकास के लिए दान कर चुके हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी और सीबीईओ महेश कुमार मीणा सहित अन्य व्याख्याताओं ने भामाशाह की इस पहल का आभार जताया और इसके लिए उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा सरकारी स्कूल में किए गए।

विशाल सभा का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। बृज मेवात क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की मुहिम के तहत बडे मदरसे पहाडी में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बृज मेवात क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्यों जैसे ऑनलाइन ठगी, साइबर क्राइम, गौ तस्करी, टटलू बाजी और नशाखोरी को बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से हमारे क्षेत्र की बदनामी हो रही है और युवा वर्ग गलत रास्ते पर जा रहा है। गुप्ता ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर बल दिया, और कहा कि दिल्ली के पास होने का हमें लाभ लेना चाहिए। जुरहरा औद्योगिक क्षेत्र को भिवाडी की तर्ज पर विकसित किया जा सकता है। दिल्ली से कई उद्योग शिफ्ट होने की कगार पर हैं, जिन्हें जुरहरा औद्योगिक क्षेत्र में लाकर युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सकता है। समृद्ध भारत अभियान इस पर कार्य कर रहा है और एक ठोस योजना बनाकर राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम. जुबेर खान ने संचालन करते हुए युवाओं को तालीम पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि तालीम और हुनर से आने वाली खुशहाली स्थाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दोषियों के खिलाफ जांच के बाद ही कार्रवाई की जानी चाहिए। क्योंकि गलतफहमी के चलते पुलिस द्वारा कुछ निर्दोष लोगों को नाजायज परेशान किया जा रहा है, जिसे अविलंब रोका जाना चाहिए। अताउल्ला खान ने प्रशासन द्वारा घरों पर बुलडोजर चलाकर निर्दोष बच्चों और बुजुर्गों को बेघर करने का मुद्दा उठाया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता करते हुए हाजी मास्टर चंदर खान ने कहा कि सीताराम गुप्ता और एम. जुबेर खान द्वारा शुरू की गई इस मुहिम के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं और इलाके के सभी खास लोग एवं उलेमा इकराम जुडते जा रहे हैं। इस अवसर पर अकबर खान जोधपुर, दलशेर खान, सकूर शेख, यासीन सबलाना, मुफ्ती कंवर आलम और हाफिज निजामुद्दीन ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर हजारों बुजुर्ग और नौजवान उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद, सीताराम गुप्ता और सामाजिक कार्यकर्ता एम. जुबेर खान ने मील मदरसे जाकर मोहतमिम व सरपरस्त मौलाना राशिद खान से मुलाकात की। उन्होंने इलाके में हो रहे अपराधों पर गहरा दु:ख प्रकट किया और निर्दोष लोगों को पुलिस द्वारा नाजायज परेशान करने से रोकने पर चर्चा की। मौलाना ने भी इस मुहिम की सराहना की और अपनी ओर से पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

सार-समाचार

सघन वृक्षरोपण अभियान चलाया

भरतपुर(निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय द्वारा ''एक पेडमॉ के नाम'' अभियान के अन्तर्गत टैक्नोलॉजी पार्क सेवर स्थित श्रीहरिदत्त गुरप ऑफ इन्स्टीट्ययूशन्स में सघन वृक्षरोपण अभियान चलाया गया। जिसमें हरश्रृंगार, गुलमोहर, जामुन, आम, नींव, बरगद के 101 पौधे लगाये गये। वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत समाजसेवी संस्था अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा द्वारा की गई। टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय द्वारा ''एक पेड मॉ के नाम'' अभियान के अन्तर्गत पृथ्वी को पेड-पौधों से सजाने का संकल्प एक अनूठा व विरला अभियान है। जिसके अन्तर्गत संस्थान के श्रीहरिदत्त डिग्री कॉलेज एवं अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा नीम, पीपल, बरगद, बेल पत्तर, गुलमोहर, हरश्रृंगार, आम, सहजना, कदम, अमलताश आदि के 101 पोधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण से पूर्व छात्र व अध्यापकों द्वारा पेडों की रक्षा-सुरक्षा का संकल्प लिया एवं गड्ढों में जैविक तरल खाद्य एवं अन्य खाद डालकर पेड लगाने के प्रशिक्षण दियें एवं पेडों की देखभाल के लिए प्रत्येक पेड पर लगाने वालों के नाम एवं कक्षा भी लिखी जायेगी। इस अवसर पर डॉ सन्जू शर्मा, डॉ सचिनकुमार, डीसी सैनी, डॉ नीता माथुर, डॉ पूनम दीक्षित, पूनम चौधरी, अशोक सिंह, महेन्द्र सिंह, राममोहन शर्मा, डॉ किरण गौतम, विनोद अवस्थी, गोपाल प्रसाद, गणेश सिंह राजपूत, राजपाल सिंह, हरिकेश सिंह, सौरभ बंसल, मोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार केशव कौशिक, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भरतपुर एवं अनुतोष गुप्ता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को भरतपुर मुख्यालय, उच्चैन, भुसावर व समस्त तालुकाओं पर स्थित न्यायिक एवं राजस्व न्यायालयों में 22 लोक अदालत बैंचों का गठन किया जाकर पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, चैक अनादरण, दाण्डिक शमनीय तथा अन्य प्रकृति के प्रकरणों के निस्तारण हेतु द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में भरतपुर जिले में सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित चले आ रहे 5526 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं बैक वित्तीय संस्थाओं बीमा कम्पनीयों तथा राजस्व से सम्बन्धित मामलों, प्री-लिटिगेशन के 24500 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण किया जाकर 46387411 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। यह उल्लेखनीय है कि भरतपुर मुख्यालय एवं तालुका पर स्थित मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण में जरिये राजीनामा 109 प्रकरण निस्तारित किये जाकर लगभग 69614000 से अधिक अवॉर्ड राशि पारित की गयी तथा भरतपुर मुख्यालय पर दुर्घटना प्रतिकर संबंधी प्रकरण, जो करीब 14 माह से लंबित चल रहा था, में राजीनामे से नेशनल बीमा कम्पनी द्वारा मौके पर पक्षकार को 75,00,000 रूपये की राशि का भुगतान किए जाने को सहमति दी। इसी प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से 209 पारिवारिक प्रकरणों में राजीनामा हुआ, जिसमें एक प्रकरण में पक्षकारों के मध्य करीब 8 माह से पारिवारिक विवाद था तथा आपसी समझाइस से पक्षकार अपने 6 वर्षीय संतान के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राजीनामे के लिए सहमत हुए।

पदभार ग्रहण किया

भरतपुर (निस)। संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी भरतपुर संभाग के पद का कार्यभार प्रेमराज वर्मा ने शुक्रवार को ग्रहण कर लिया। प्रेमराज वर्मा इससे पूर्व उदयपुर संभाग में इसी पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी हरिओम गौतम की सेवानिवृति के पश्चात इस पद का अस्थाई कार्यभार राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय देहरा (कुम्हेर) के प्रधानाचार्य निरंजन सिंह संभाल रहे थे। इस अवसर पर नये संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी प्रेमराज वर्मा के पदभार ग्रहण करने पर विप्र फाउन्डेशन (शैक्षिक प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, इन्दूशेखर शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष केशवदेव शर्मा, नरदेव आर्य, मदनमोहन शर्मा, मुकेश चतुर्वेदी, जितेन्द्र शर्मा आदि ने साफा, माला एवं पटका पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अनिल भारद्वाज ने कहा कि भरतपुर में संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा संभाग कार्यालय के भवन निर्माण एवं बजट की मांग करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संस्कृत शिक्षा के सभी विद्यालय का सघन निरीक्षण करने पर भी जोर दिया ताकि शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो।

ट्रोमा सेन्टर फिर बना शोपीस

भरतपुर (निस)। जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर भरतपुर से महवा के मध्य करीब 65 किमी की दूरी के के मध्य कस्वा हलैना पर राज्य सरकार ने 2022 में तत्कालीन केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक भजनलाल जाटव के आग्रह पर ट्रोमा सेन्टर खोला और चिकित्सक व अन्य कर्मचारी के पद सृजित कर भवन को करीब सवा पांच करोड का वजट स्वीकृत किया। जिस भवन का निर्माण हुआ और दस कम्पाउन्डर भी लगाए गए। लेकिन 2022 से आज तक चिक्त्सिक नही लगे और ना ही चिकित्सीय उपकरण व मशीन सहित फर्नीचर नही लगा। 2023 में ट्रोमा सेन्टर का तत्कालीन केबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव ने भवन का लोकार्पण कर दिया। लोकार्पण के दूसरे दिन से ही आज तक ट्रोमा सेन्टर पर ताला लटका हुआ है। नेशनल हाइवे सहित अन्य सडक मार्ग पर होने वाले हादसे में घायल तथा भरतपुर से जयपुर रैफर होने वाले रोगियों को ये सेन्टर हर समय बन्द मिलता है। जो शोपीस बना हुआ है।

भुसावर फार्म का अवलोकन किया

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर फार्म का उद्यान विभाग की संभाग स्तरीय टीम ने अवलोकन किया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि टीम में योगेश कुमार शर्मा संयुक्त निदेशक संभाग उद्यान विभाग, गणेश मीना उपनिदेशक उद्यान व राजेन्द्र सोनी शामिल थे।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2024-25/5208 दिनांक : 10.07.2024

सार्वजनिक सूचना

रणजीत नगर योजना भरतपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या D-53/A श्री प्यारे लाल पालीवाल पुत्र श्री छाजूराम जाति ब्राह्मण निवासी - भरतपुर के नाम 99 वर्षीय लीज होल्ड पर आवासीय भूखण्ड आवंटन/नीलामी में नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा विक्रय किया गया था। जिसका क्षेत्रफल 109.1 वर्गगज है। श्री प्यारे लाल पालीवाल की मृत्यु दिनांक 02.10.1969 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती जावित्री देवी की मृत्यु हो चुकी है। श्री प्यारे लाल पालीवाल के वारिसान् श्रीमती शान्ती देवी एवं श्रीमती पुनिया देवी ने अपनी सहमति श्री यज्ञदत्त पालीवाल को दे दी। श्री यज्ञदत्त पालीवाल की मृत्यु दिनांक 18.05.2001 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा पालीवाल की मृत्यु दिनांक 10.05.2019 को हो चुकी है। रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 29.12.2021 के अनुसार श्री यज्ञदत्त पालीवाल के वारिसान श्री राजीव पालीवाल पुत्र स्व० श्री यज्ञदत्त पालीवाल एवं श्रीमती रजनी पालीवाल पुत्री स्व० श्री यज्ञदत्त पालीवाल हैं। श्रीमती रजनी पालीवाल पुत्री स्व० श्री यज्ञदत्त पालीवाल ने जरिये रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 29.12.2021 के द्वारा अपने हक का परित्याग श्री राजीव पालीवाल पुत्र स्व० श्री यज्ञदत्त पालीवाल के हक में कर दिया। आवेदक श्री राजीव पालीवाल पुत्र स्व० श्री यज्ञदत्त पालीवाल जाति ब्राह्मण निवासी D-53, रणजीत नगर, भरतपुर ने उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद् आवासीय भूखण्ड संख्या D-53/A, रणजीत नगर, भरतपुर की लीजडीड जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत भावली,

पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

क्रमांक:-86 दिनांक: 13.07.2024

Corrigendum

पंचायत समिति भावली, पं.स. मासलपुर द्वारा जारी की गयी ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25 क्रमांक 62-68 दिनांक 02.07.2024 को आमंत्रित की गयी थी।

अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा ई-सूचना की अंतिम तिथि निम्न प्रकार बढाई जाती है-

- निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि - 16.07.2024 समय 6.00 पी.एम. तक
- ऑफलाईन डी.डी. एवं दस्तावेज जमा कराने की तिथि - 18.07.2024 समय 12.00 पी.एम. तक
- तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय - 18.07.2024 समय 2.00 पी.एम.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भावली
पंचायत समिति मासलपुर,
जिला करौली

सरपंच
ग्राम पंचायत भावली
पंचायत समिति, मासलपुर,
जिला करौली